PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Nai Duniya, New Delhi
Friday, 15th July 2011, Page: 16
Width: 8.02 cms Height: 16.58 cms, Ref: pmin.2011-07-15.48.112

दवा पर भरोसा करें ज्यादा असरदार होगी

लंदन । किसी भी बीमारी के इलाज के लिए दवा तब असरदार होती है जब आप उस दवा पर भरोसा करते हैं । अमेरिका के वैज्ञानिकों ने गहन शोध के बाद यह नतीजा निकाला है कि दवा तब असरदार होती है जब आप उस पर भरोसा करते है। उनका कहना है कि किसी मरीज का इलाज करते वक्त उसके विश्वासों और भावनाओं का बहुत ध्यान रखा जाना चाहिए । वैज्ञानिकों ने ऐसे सात सौ लोगों पर प्रयोग किए जो सामान्य सर्दी-जुकाम से परेशान थे। माना जाता है कि सर्दी-जुकाम का कोई इलाज नहीं होता ये खुद-ब-खुद ठीक हो जाते हैं भले ही आप दवा खाएं या न खाएं । अमेरिकी वैज्ञानिकों ने अपने शोध के नतीजे ऐनल्स ऑफ फैमिली हिस्टरी नामक चिकित्सा पत्रिका में प्रकाशित किए । बिना दवा खाए या कोई बेअसर दवा खाने से आराम पाने को मेडिकल की दुनिया में प्लासेबो इफेक्ट कहा जाता है। इसमें बीमार ये सोचता है कि दवाएं खाने से वो ठीक हो रहा है, लेकिन वास्तव में दूसरे कारणों से स्वास्थ्य में सुधार हो जाता है । अमेरिकी वैज्ञानिकों की टीम ने इस विश्वास को आधार बनाते हुए एक और काम किया। जिन सात सौ लोगों पर प्रयोग किया गया था वो सर्दी-जुकाम से पीड़ित थे। उनमें से कुछ लोगों को कोई दवा नहीं दी गई और कुछ लोगों को यूं ही कुछ ऐसी दवाएं दे दी गईं जो सीधे-सीधे सर्दी-जुकाम के इलाज के काम नहीं आतीं। शोधकर्ताओं ने पीड़ितों को बताया कि उन्हें सर्दी-जुकाम से निजात दिलाने के लिए भृंगराज का सत्व दिया जा रहा है । (एजेंसी)